# PAPER-2 PCB

प्रश्नपुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Sr. No.

प्रश्नपुस्तिका कोड

**BA**

Q. Booklet Code

अनुक्रमांक / Roll No.

उत्तर-शीट क्रमांक / OMR Answer Sheet No.

घोषणा : / Declaration :
मैंने पृष्ठ संख्या 1 पर दिये गये निर्देशों को पढ़कर समझ लिया है।
I have read and understood the instructions given on page No. 1

परीक्षा केन्द्राध्यक्ष की मोहर
Seal of Superintendent of Examination Centre

परीक्षार्थी का हस्ताक्षर /Signature of Candidate
(आवेदन पत्र के अनुसार /as signed in application)

कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर /Signature of the Invigilator

परीक्षार्थी का नाम/
Name of Candidate :

**परीक्षार्थी को दिये पैराग्राफ की नकल स्वयं की हस्तलिपि में नीचे दिये गये रिक्त स्थान पर नकल (कॉपी) करनी है।**
*''आप सही व्यवसाय में हैं, यह आप तभी जानेंगे जब : आप काम पर जाने के लिए चिंतित हैं, आप नित्य अपना काम सबसे अच्छा करना चाहते हैं, और आप अपने कार्य के महत्व को समझते हैं।''*
अथवा / **OR**
**To be copied by the candidate in your own handwriting in the space given below for this purpose is compulsory.**
*"You will know you are in the right profession when : you wake anxious to go to work, you want to do your best daily, and you know your work is important."*

*** इस पृष्ठ का ऊपरी आधा भाग काटने के बाद वीक्षक इसे छात्र की OMR sheet के साथ सुरक्षित रखे।**
*** After cutting half upper part of this page, invigilator preserve it along with student's OMR sheet.**

| पुस्तिका में मुखपृष्ठ सहित पृष्ठों की संख्या / No. of Pages in Booklet including title | 32 | समय 3 घंटे / Time 3 Hours | अंक / Marks 600 | पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / No. of Questions in Booklet | 150 |
|---|---|---|---|---|---|


# PAPER-2 PCB

प्रश्नपुस्तिका क्रमांक/ Question Booklet Sr. No.

अनुक्रमांक / Roll No.

कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर /Signature of the Invigilator

प्रश्नपुस्तिका कोड

**BA**

Q. Booklet Code

परीक्षार्थी का नाम/
Name of Candidate :


## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश /INSTRUCTIONS TO CANDIDATE

| अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक निर्देश : | Instructions for the Candidate : |
|---|---|
| **1.** ओ.एम.आर. उत्तर पत्रिका में गोलों तथा सभी प्रविष्टियों को भरने के लिए केवल नीले या काले बाल प्वाइंट पेन का ही उपयोग करें। | 1. Use BLUE or BLACK BALL POINT PEN only for all entries and for filling the bubbles in the OMR Answer Sheet. |
| **2.** SECURITY SEAL खोलने के पहले अभ्यर्थी अपना नाम, अनुक्रमांक (अंकों में) ओ.एम.आर. उत्तर-शीट का क्रमांक इस प्रश्न-पुस्तिका के ऊपर दिये गये स्थान पर लिखें। यदि वे इस निर्देश का पालन नहीं करेंगे तो उनकी उत्तर-शीट का मूल्यांकन नही हो सकेगा तथा ऐसे अभ्यर्थी अयोग्य घोषित हो जायेंगे। | 2. Before opening the SECURITY SEAL of the question booklet, write your Name, Roll Number ( In figures), OMR Answer-sheet Number in the space provided at the top of the Question Booklet. Non-compliance of these instructions would mean that the Answer Sheet can not be evaluated leading the disqualification of the candidate. |
| **3.** प्रत्येक प्रश्न चार अंकों का है। जिस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया है, उस पर कोई अंक नहीं दिया जायेगा। गलत उत्तर पर अंक नहीं काटा जाएगा। | 3. Each question carries FOUR marks. No marks will be awarded for unattempted questions. There is no negative marking on wrong answer. |
| **4.** सभी बहुविकल्पीय प्रश्नों में एक ही विकल्प सही है, जिसपर अंक देय होगा। | 4. Each multiple choice questions has only one correct answer and marks shall be awarded for correct answer. |
| **5.** गणक, लॉग टेबिल, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा स्लाइड रूल आदि का प्रयोग वर्जित है। | 5. Use of calculator, log table, mobile phones, any electronic gadget and slide rule etc. is strictly prohibited. |
| **6.** अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति परीक्षा अवधि की समाप्ति पर ही दी जायेगी। | 6. Candidate will be allowed to leave the examination hall at the end of examination time period only. |
| **7.** यदि किसी अभ्यर्थी के पास पुस्तकें या अन्य लिखित या छपी सामग्री, जिससे वे सहायता ले सकते/सकती हैं, पायी जायेगी, तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जा सकता है। इसी प्रकार, यदि कोई अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की सहायता किसी भी स्रोत से देता या लेता (या देने का या लेने का प्रयास करता) हुआ पाया जायेगा, तो उसे भी अयोग्य घोषित किया जा सकता है। | 7. If a candidate is found in possession of books or any other printed or written material from which he/she might derive assistance, he/she is liable to be treated at disqualified. Similarly, if a candidate is found giving or obtaining (or attempting to give or obtain) assistance from any source, he/she is liable to be disqualified. |
| **8.** किसी भी भ्रम की दशा में प्रश्न-पुस्तिका के अंग्रेजी अंश को ही सही व अंतिम माना जायेगा। | 8. English version of questions paper is to be considered as authentic and final to resolve any ambiguity. |
| **9.** रफ कार्य के लिए एक खाली sheet संलग्न है। | 9. One blank sheet for rough work is also enclosed. |
| **10.** OMR sheet इस Paper के भीतर है तथा इसे बाहर निकाला जा सकता है परन्तु Paper की सील केवल पेपर शुरु होने के समय पर ही खोला जायेगा। | 10. OMR sheet is placed within this paper and can be taken out from this paper but seal of paper must be opened only at the start of paper. |

# PAPER-2

Physics : Q. 1 to Q. 50
Chemistry : Q. 51 to Q. 100
Biology : Q. 101 to Q. 150

## PHYSICS / भौतिकशास्त्र

**001.** A small bead of mass M slides on a smooth wire that is bent in a circle of radius R. It is released at the top of the circular part of the wire (point A in the figure) with a negligibly small velocity. Find the height H where the bead will reverse direction.




(A) $\frac{3R}{2}$ (B) $\frac{5R}{2}$
(C) $R$ (D) $2R$

**002.** Two persons A and B start from the same location and walked around a square in opposite directions with constant speeds. The square has side 60m. Speeds of A and B are 4m/s and 2m/s respectively. When will they meet first time?

(A) 10 sec (B) 20 sec
(C) 30 sec (D) 40 sec

**001.** एक M द्रव्यमान का छोटा मनका एक चिकने तार पर फिसलता है। यहाँ तार एक R त्रिज्या के वृत्त के भाग के रूप में मुड़ा हुआ है। मनके को वृत्तिय भाग के शिखर (चित्र में बिंदु A) से नगण्य वेग से मुक्त किया जाता है। वह ऊँचाई H ज्ञात करो जहाँ मनका अपनी दिशा पलटता है।




(A) $\frac{3R}{2}$ (B) $\frac{5R}{2}$
(C) $R$ (D) $2R$

**002.** दो व्यक्ति A तथा B एक ही जगह से एक वर्ग पर विपरीत दिशाओं में अचर चालों से चलना प्रारम्भ करते हैं। वर्ग की भुजा 60m है, A तथा B की चालें क्रमशः 4m/s तथा 2m/s है। वे पहली बार कब मिलेंगे ?

(A) 10 sec (B) 20 sec
(C) 30 sec (D) 40 sec

**003.** A tire of radius R rolls on a flat surface with angular velocity ω and velocity v as shown in the diagram. If $v > \omega R$, in which direction does friction from the tire act on the road ?




(A) Towards the left
(B) Towards the right
(C) Towards downwards
(D) Towards upwards

**004.** Consider one dimensional motion of a particle of mass $m$. It has potential energy $U = a + bx^2$ where $a$ and $b$ are positive constants. At origin ($x = 0$) it has initial velocity $v_0$. It performs simple harmonic oscillations. The frequency of the simple harmonic motion depends on
(A) $b$ alone
(B) $b$ and $a$ alone
(C) $b$ and $m$ alone
(D) $b$, $a$ and $m$ alone

**005.** The postulate on which the photoelectric equation is derived is
(A) electrons are restricted to orbits of angular momentum $n\frac{h}{2\pi}$ where $n$ is an integer.
(B) electrons are associated with wave of wavelength $\lambda = \frac{h}{p}$ where $p$ is momentum.
(C) light is emitted only when electrons jump between orbits.
(D) light is absorbed in quanta of energy $E = h\upsilon$

**006.** A layer of oil with density 724 $kg/m^3$ floats on water of density 1000 $kg/m^3$. A block floats at the oil-water interface with 1/6 of its volume in oil and 5/6 of its volume in water, as shown in the figure. What is the density of the block?




(A) 776 $kg/m^3$ (B) 954 $kg/m^3$
(C) 1024 $kg/m^3$ (D) 1276 $kg/m^3$

**003.** एक R त्रिज्या का पहिया समतल सतह पर कोणीय वेग ω तथा वेग v से चित्रानुसार लुड़क रहा है। यदि $v > \omega R$ तो टायर द्वारा सड़क पर घर्षण किस दिशा में लगेगा?




(A) बायीं तरफ (B) दायी तरफ
(C) नीचे की तरफ (D) ऊपर की तरफ

**004.** एक $m$ द्रव्यमान के कण की एक विमीय गति पर विचार कीजिए । इसकी स्थितिज ऊर्जा $U = a + bx^2$ है जहाँ $a$ तथा $b$ धनात्मक नियतांक हैं। मूल बिन्दु ($x = 0$) पर इसका प्रारम्भिक वेग $v_0$ है । यह सरल आवृति गति करता है जिसकी आवृति निम्न पर निर्भर करती है
(A) केवल $b$ पर
(B) केवल $b$ तथा $a$ पर
(C) केवल $b$ तथा $m$ पर
(D) केवल $b$, $a$ तथा $m$ पर

**005.** प्रकाश विद्युत समीकरण निम्न में से जिस अभिगृहीत (कल्पना) पर व्युत्पन्न की गई है वह है:
(A) इलेक्ट्रोन केवल उन्हीं कक्षकों में रह सकते हैं जिनमें कोणीय संवेग $n\frac{h}{2\pi}$ हो तथा $n$ एक पूर्णांक है।
(B) इलेक्ट्रोन से संबद्ध तरंग की तरंगदैर्ध्य $\lambda = \frac{h}{p}$ है जहाँ $p$ संवेग है ।
(C) प्रकाश तभी उत्पन्न होता है जब इलेक्ट्रोन एक कक्षक से दूसरे में कूदता है ।
(D) प्रकाश का अवशोषण ऊर्जा के क्वांटा $E = h\upsilon$ के रूप में होता है।

**006.** एक तेल की परत जिसका घनत्व 724 $kg/m^3$ है। यह 1000 $kg/m^3$ घनत्व वाले जल के ऊपर तैर रही है। एक ब्लॉक तेल-जल अन्तर्सतह पर चित्रानुसार इस प्रकार तैर रहा है कि इसका 1/6 आयतन तेल में तथा 5/6 आयतन जल में है तो ब्लॉक का घनत्व क्या होगा?




(A) 776 $kg/m^3$ (B) 954 $kg/m^3$
(C) 1024 $kg/m^3$ (D) 1276 $kg/m^3$

**007.** A string fixed at both ends has a standing wave mode for which the distances between adjacent nodes is 18cm. For the next consecutive standing wave mode distances between adjacent nodes is 16cm. The minimum possible length of the string is

(A) 288 cm (B) 72 cm
(C) 144 cm (D) 204 cm

**008.** A wire loop that encloses an area of $20cm^2$ has a resistance of $10\Omega$. The loop is placed in a magnetic field of 2.4T with its plane perpendicular to the field .The loop is suddenly removed from the field. How much charge flows past a given point in the wire?

(A) $4.8\times10^{-4}C$ (B) $2.4\times10^{-3}C$
(C) $1.2\times10^{-4}C$ (D) $10^{-1}C$

**009.** A right isosceles triangle of side $a$ has charges $q, +3q$ and $-q$ arranged on its vertices as shown in the figure . What is the electric potential at point P midway between the line connecting the $+q$ and $-q$ charges ?




(A) $\frac{q}{\pi\varepsilon_0 a}$ (B) $\frac{3q}{2\sqrt{2}\,\pi\varepsilon_o a}$
(C) $\frac{3q}{\pi\varepsilon_o a}$ (D) $\frac{3q}{\sqrt{2}\,\pi\varepsilon_o a}$

**010.** Shown below is a graph of current versus applied voltage for a diode. Approximately what is the resistance of the diode for an applied voltage of −1.5V?




(A) Zero (B) $1\Omega$
(C) $2\Omega$ (D) $\infty$

**007.** एक रस्सी दोनों सिरों से जड़वत है तथा एक अप्रगामी तरंग विधा में क्रमागत निस्पन्दों के मध्य दूरी 18cm है। अगली क्रमागत अप्रगामी तरंग विधा में क्रमागत निस्पन्दों के मध्य दूरी 16cm है। रस्सी की न्यूनतम लम्बाई होगी

(A) 288 cm (B) 72 cm
(C) 144 cm (D) 204 cm

**008.** एक तार का लूप जो कि $20cm^2$ का क्षेत्रफल परिबद्ध करता है तथा इसका प्रतिरोध $10\Omega$ है। इस लूप को 2.4T के चुम्बकीय क्षेत्र में इस प्रकार रखा जाता है कि इसका तल चुम्बकीय क्षेत्र के लम्बवत हो। अब लूप को चुम्बकीय क्षेत्र में से एकाएक हटा दिया जाता है तो तार (लूप)के किसी बिंदु से कितना आवेश प्रवाहित होता है?

(A) $4.8\times10^{-4}C$ (B) $2.4\times10^{-3}C$
(C) $1.2\times10^{-4}C$ (D) $10^{-1}C$

**009.** एक समकोण युक्त समद्विबाहु त्रिभुज जिसकी चित्रानुसार भुजा $a$ है तथा इस पर आवेश $q, +3q$ तथा $-q$ इसके शीर्षों पर चित्रानुसार व्यवस्थित है। आवेश $+q$ तथा $-q$ को जोडने वाली रेखा का मध्य बिंदु P है तो बिंदु P पर विद्युत विभव कितना होगा?




(A) $\frac{q}{\pi\varepsilon_0 a}$ (B) $\frac{3q}{2\sqrt{2}\,\pi\varepsilon_o a}$
(C) $\frac{3q}{\pi\varepsilon_o a}$ (D) $\frac{3q}{\sqrt{2}\,\pi\varepsilon_o a}$

**010.** नीचे दिया गया ग्राफ डायोड के लिए धारा (current) तथा आरोपित वोल्टता (voltage) के मध्य बनाया गया है। आरोपित वोल्टता −1.5V के लिए डायोड का प्रतिरोध लगभग कितना होगा?




(A) शून्य (B) $1\Omega$
(C) $2\Omega$ (D) $\infty$

011. A sound wave is generated by the howl of a wolf in the night. How would we describe the motion of a particular air molecule near the ground, a mile away from the wolf, on average (i.e. ignoring the random wandering of gas molecules)?
(A) It moves up and down in an oscillating fashion
(B) It moves away from the wolf at the speed of sound
(C) It moves back and forth (oscillating) towards the wolf
(D) It moves in the horizontal circle.

012. Which of the following Material has lowest resistivity ?
(A) Constantan (B) Silver
(C) Manganin (D) Copper

013. An incompressible non viscous fluid flows steadily through a cylindrical pipe which has radius 2R at point A and radius R at point B farther along the flow direction. If the velocity of the fluid at point A is V, its velocity at the point B will be
(A) 2V (B) V
(C) V/2 (D) 4V

014. In a room where the temperature is 30°C a body cools from 61°C to 59°C in 4 minutes. The time taken by the body to cool from 51°C to 49°C will be about
(A) 4 minutes (B) 6 minutes
(C) 5 minutes (D) 8 minutes

015. A student's 9.0 V, 7.5W portable radio was left on from 9:00 P.M. until 3:00 A.M. How much charge passed through the wires?
(A) 6000C (B) 12000C
(C) 18000C (D) 24000C

011. एक भेड़िये की तेज आवाज द्वारा रात्रि में एक ध्वनि तरंग उत्पन्न की जाती है (यहाँ गैस अणुओं के यादृच्छिक भ्रमण की उपेक्षा करते हुए) भेड़िये से एक मील दूर जमीन पर स्थित एक हवा के कण की गति औसत रूप से किस प्रकार प्रदर्शित होगी ?
(A) यह ऊपर नीचे एक दोलनी रूप में गति करेगा ।
(B) यह भेड़िये से दूर की तरफ ध्वनि की चाल से गति करेगा।
(C) यह भेड़िये की तरफ आगे पीछे (दोलनी) गति करेगा ।
(D) यह एक क्षेतिज वृत्त में गति करता है।

012. निम्न में से सबसे कम प्रतिरोधकता वाला पदार्थ है
(A) कोंस्टेनन (B) चांदी
(C) मेंग्नींन (D) ताम्बा

013. एक असंपीड्य अश्यान द्रव एक बेलनाकार पाइप में से सतत रूप से बह रहा है। इसके बहाव की दिशा के अनुदिश बिंदु A पर द्रव का वेग V है। बिंदु A पर पाईप की त्रिज्या 2R है तथा द्रव प्रवाह की दिशा में दूरस्थ बिंदु B पर पाईप की त्रिज्या R है तो बिंदु B पर द्रव का वेग क्या होगा?
(A) 2V (B) V
(C) V/2 (D) 4V

014. एक कमरे का ताप 30°C है इसमें एक वस्तु को 61°C से 59°C तक ठण्डी होने में लगा समय 4 मिनट है । वस्तु को 51°C से 49°C तक ठण्डी होने में लगा समय लगभग होगा
(A) 4 मिनट (B) 6 मिनट
(C) 5 मिनट (D) 8 मिनट

015. एक छात्र का 9.0 V एवं 7.5W का एक रेडियो 9:00 P.M से 3:00 A.M. तक चालू रहता है तो तार द्वारा कितना आवेश प्रवाहित हुआ?
(A) 6000C (B) 12000C
(C) 18000C (D) 24000C

**016.** A conducting wheel rim in which there are three conducting rods of each of length $l$ is rotating with constant angular velocity $\omega$ in a uniform magnetic field B as shown in figure. The induced potential difference between its centre and rim will be




(A) 0 (B) $\frac{B\omega l^2}{2}$

(C) $B\omega l^2$ (D) $\frac{3}{2}B\omega l^2$

**017.** An imaginary, closed spherical surface S of radius R is centered on the origin. A positive charge $+q$ is originally at the origin and electric flux through the surface is $\Phi_E$. Three additional charges are now added along the x axis: $-3q$ at $x=-\frac{R}{2}$, $+5q$ at $x=\frac{R}{2}$ and $4q$ at $x=\frac{3R}{2}$. The flux through S is now

(A) $3\Phi_E$ (B) $4\Phi_E$

(C) $6\Phi_E$ (D) $7\Phi_E$

**018.** An 1800 W toaster, a 1.3KW electric fan and a 100W lamp are plugged in the same 120V circuit i.e. all the three devices are in parallel. What is the approximate value of the total current (i.e. sum of the current drawn by the three devices) through circuit ?

(A) 18A (B) 27A

(C) 40A (D) 120A

**016.** एक पहिए की चालक परिधि पर चित्रानुसार तीन चालक छड़े एक समान चुम्बकीय क्षेत्र B में अचर कोणीय वेग $\omega$ से घूर्णन कर रही है । प्रत्येक छड की लम्बाई $l$ है । पहिये की परिधि व केंद्र के मध्य उत्पन्न प्रेरित विभवान्तर होगा




(A) 0 (B) $\frac{B\omega l^2}{2}$

(C) $B\omega l^2$ (D) $\frac{3}{2}B\omega l^2$

**017.** एक काल्पनिक गोलाकार बंद सतह S की त्रिज्या R है जिसका केंद्र मूल बिंदु पर है। पहले एक धनात्मक आवेश $+q$ मूल बिंदु पर रखा हुआ था तथा सतह से पारित विद्युत फ्लक्स $\Phi_E$ था। अब तीन अतिरिक्त आवेश x अक्ष के अनुदिश निम्न तरह से रखे जाते हैं $-3q$ आवेश $x=-\frac{R}{2}$ पर, $+5q$ आवेश $x=\frac{R}{2}$ पर तथा $4q$ आवेश पर है। अब सतह S से पारित फ्लक्स होगा

(A) $3\Phi_E$ (B) $4\Phi_E$

(C) $6\Phi_E$ (D) $7\Phi_E$

**018.** एक 1800 W का टोस्टर, एक 1.3KW का विद्युत पंखा व एक 100W का बल्ब को 120V के एक ही परिपथ में लगाया जाता है अर्थात ये सभी तीनों युक्तियाँ समान्तर क्रम हैं। परिपथ से कुल प्रवाहित धारा (अर्थात तीनों युक्तियों द्वारा ली गई धाराओं का योग) का मान लगभग होगा?

(A) 18A (B) 27A

(C) 40A (D) 120A

**019.** Four very long current carrying wires in the same plane intersect to form a square 40.0cm on each side as shown in the figure. What is the magnitude of current I so that the magnetic field at the centre of the square is zero?




(A) 2A (B) 18A
(C) 22A (D) 38A

**019.** चार लम्बे धारावाही तार एक ही तल में हैं तथा एक वर्ग की प्रत्येक भुजा 40cm बनाते हुए चित्रानुसार प्रतिच्छेद करते हैं। वर्ग के केंद्र पर चुम्बकीय क्षेत्र शून्य होने के लिए धारा I का परिमाण कितना होना चाहिए?




(A) 2A (B) 18A
(C) 22A (D) 38A

**020.** If the current in the toroidal solenoid increases uniformly from zero to 6.0A in $3.0\mu s$. Self inductance of the toroidal solenoid is $40\mu H$. The magnitude of self induced emf is

(A) 24V (B) 48V
(C) 80V (D) 160V

**020.** एक टोरोइडनुमा परिनालिका में धारा एक समान रूप से शून्य से 6.0A तक $3.0\mu s$ में बढ़ती है। टोरोइडनुमा परिनालिका का स्वप्रेरकत्व $40\mu H$ है। स्व प्रेरित विद्युत वाहक बल का परिमाण है

(A) 24V (B) 48V
(C) 80V (D) 160V

**021.** An electron is at ground state of the H atom. Minimum energy required to excite the H atom into second excited state is

(A) $10.2eV$ (B) $3.4eV$
(C) $13.6eV$ (D) $12.1eV$

**021.** एक H परमाणु के मूल स्तर में एक इलेक्ट्रान है। H परमाणु को द्वितीय उत्तेजित अवस्था में उत्तेजित करने के लिए न्यूनतम कितनी ऊर्जा की आवश्यकता होगी ?

(A) $10.2eV$ (B) $3.4eV$
(C) $13.6eV$ (D) $12.1eV$

**022.** A particle enters uniform constant magnetic field region with its initial velocity parallel to the field direction. Which of the following statements about its velocity is correct? (neglect the effects of other fields)

(A) There is change only in magnitude
(B) There is change only in direction
(C) There is change in both magnitude and direction
(D) There is no change

**022.** एक कण एक समान चुम्बकीय क्षेत्र में चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा के अनुदिश प्रारम्भिक वेग से प्रवेश करता है। इसके वेग के बारे में कौनसा कथन सत्य होगा? (अन्य क्षेत्रों के प्रभावों को नगण्य मानिए)

(A) केवल परिमाण में परिवर्तन होगा
(B) केवल दिशा में परिवर्तन होगा
(C) परिमाण व दिशा दोनों में परिवर्तन होगा
(D) कोई परिवर्तन नहीं होगा

**023.** Magnetic susceptibility of diamagnetic materials is of the order of (SI units)

(A) $+10^{-5}$ (B) $-10^{-5}$
(C) $+10^{5}$ (D) $+10^{-4}$ to $+10^{-2}$

**023.** प्रतिचुम्बकीय पदार्थ की चुम्बकीय प्रवृति की कोटि (SI इकाई में) होगी

(A) $+10^{-5}$ (B) $-10^{-5}$
(C) $+10^{5}$ (D) $+10^{-4}$ to $+10^{-2}$

**024.** Magnitude of binding energy of satellite is E and kinetic energy is K .The ratio E/K is

(A) 1 (B) 1/2
(C) 2/1 (D) 1/4

**025.** Figure shows the total acceleration $a = 32\text{m/s}^2$ of a moving particle moving clockwise in a circle of radius R=1m. What are the centripetal acceleration and speed v of the particle at given instant?




(A) $16\text{m/s}^2$, 16m/s
(B) $16\text{m/s}^2$, 4m/s
(C) $16\sqrt{3}\,\text{m/s}^2$, $4\sqrt{3}\,\text{m/s}$
(D) $16\sqrt{3}\,\text{m/s}^2$, 4m/s

**026.** A force F = 75N is applied on a block of mass 5kg along the fixed smooth incline as shown in figure. Here gravitational acceleration $g = 10\text{m/s}^2$. The acceleration of the block is




(A) $5\frac{m}{s^2}$ downwards the incline
(B) $5\frac{m}{s^2}$ upwards the incline
(C) $10\frac{m}{s^2}$ downwards the incline
(D) $10\frac{m}{s^2}$ upwards the incline

**027.** A 3kg object has initial velocity $(6\hat{i} - 2\hat{j})m/s$. The total work done on the object if its velocity changes to $(8\hat{i} + 4\hat{j})m/s$ is

(A) 60J (B) 120J
(C) 216J (D) 44J

**024.** सेटेलाईट की बंधन ऊर्जा का परिमाण E है तथा उसकी गतिज ऊर्जा का मान K है तो अनुपात E/K होगा

(A) 1 (B) 1/2
(C) 2/1 (D) 1/4

**025.** चित्र में त्रिज्या R=1m के वृत्त में दक्षिणावर्त घूमते हुए कण का कुल त्वरण $a = 32\text{m/s}^2$ है तो कण का अभिकेन्द्रीय त्वरण व कण की चाल ν दिए गए क्षण पर क्या होगी?




(A) $16\text{m/s}^2$, 16m/s
(B) $16\text{m/s}^2$, 4m/s
(C) $16\sqrt{3}\,\text{m/s}^2$, $4\sqrt{3}\,\text{m/s}$
(D) $16\sqrt{3}\,\text{m/s}^2$, 4m/s

**026.** एक बल F = 75N को 5kg द्रव्यमान के ब्लॉक पर चित्रानुसार स्थिर चिकने नत तल के अनुदिश लगाया जाता है। यहाँ गुरुत्वीय त्वरण $g = 10\text{m/s}^2$ है। ब्लॉक का त्वरण होगा




(A) $5\frac{m}{s^2}$ नत तल के अनुदिश नीचे की ओर
(B) $5\frac{m}{s^2}$ नत तल के अनुदिश ऊपर की ओर
(C) $10\frac{m}{s^2}$ नत तल के अनुदिश नीचे की ओर
(D) $10\frac{m}{s^2}$ नत तल के अनुदिश ऊपर की ओर

**027.** एक 3kg की वस्तु का प्रारम्भिक वेग $(6\hat{i} - 2\hat{j})m/s$ है। यदि वस्तु का वेग $(8\hat{i} + 4\hat{j})m/s$ हो जाता है तब तक वस्तु पर किया गया कुल कार्य होगा

(A) 60J (B) 120J
(C) 216J (D) 44J

**028.** A heat engine absorbs 360J of energy by heat and performs 25J of work in each cycle. The energy expelled to the cold reservoir in each cycle is

(A) 360J (B) 385J
(C) 335J (D) 14.4J

**029.** Three nonconducting large parallel plates have surface charge densities $\sigma, -2\sigma$ and $4\sigma$ respectively as shown in figure. The electric field at the point P is




(A) $\frac{3\sigma}{2\varepsilon_0}$ (B) $\frac{3\sigma}{\varepsilon_0}$
(C) $\frac{\sigma}{\varepsilon_0}$ (D) $\frac{\sigma}{2\varepsilon_0}$

**030.** A battery of constant voltage is available. How to adjust a system of three identical capacitors to get high electrostatic energy with the given battery

(A) Two parallel and one in series
(B) Three in series
(C) Three in parallel
(D) Whatever may be combination, it will always have same electrostatic energy

**031.** Five resistances are connected as shown in the figure. The equivalent resistance between points A and C is




(A) 21.2 Ω (B) 30 Ω
(C) 44 Ω (D) $\frac{20}{3}\,\Omega$

**028.** एक ऊष्मा इंजन प्रत्येक चक्र में 360J ऊष्मा का अवशोषण करता है तथा 25J कार्य प्रत्येक चक्र में करता है। प्रत्येक चक्र में ठन्डे हौज को दी गई ऊर्जा होगी

(A) 360J (B) 385J
(C) 335J (D) 14.4J

**029.** चित्रानुसार तीन अचालक बड़ी समान्तर प्लेटो के पृष्ठ आवेश घनत्व क्रमशः $\sigma, -2\sigma$ तथा $4\sigma$ है। बिंदु P पर विद्युत क्षेत्र है




(A) $\frac{3\sigma}{2\varepsilon_0}$ (B) $\frac{3\sigma}{\varepsilon_0}$
(C) $\frac{\sigma}{\varepsilon_0}$ (D) $\frac{\sigma}{2\varepsilon_0}$

**030.** एक अचर वोल्टता की बैटरी उपलब्ध है। तीन एकसमान संधारित्रों के निकाय से उच्च स्थिर विद्युत ऊर्जावाली स्थिति प्राप्त करने के लिए इन्हें कैसे संयोजित करना चाहिए

(A) दों समान्तर क्रम में व एक श्रेणी क्रम का संयोजन
(B) तीनों श्रेणी क्रम में
(C) तीनों समान्तर क्रम में
(D) किसी भी तरह का संयोजन हो स्थिर विद्युत ऊर्जा हमेशा समान होगी

**031.** पाँच प्रतिरोध चित्रानुसार जुड़े हैं। बिंदु A तथा बिंदु C के मध्य तुल्य प्रतिरोध होगा




(A) 21.2 Ω (B) 30 Ω
(C) 44 Ω (D) $\frac{20}{3}\,\Omega$

**032.** The frequencies of X rays, Gamma rays and visible light waves rays are $a$, $b$ and $c$ respectively, then

(A) $a > b > c$ (B) $a > b,\ b < c$

(C) $a < b,\ b > c$ (D) $a < b,\ b < c$

**033.** An equiconvex (biconvex) lens has focus length $f$. It is cut into three parts as shown in the figure. What is the focal length of Cut part I ?




(A) $\frac{f}{2}$ (B) $2f$

(C) $3f$ (D) $\frac{f}{3}$

**034.** A cell has terminal voltage 2V in open circuit and internal resistance of the given cell is 2Ω. If 4A of current is flowing between points P and Q in the circuit and then the potential difference between P and Q is




(A) 30V (B) 26V

(C) 22V (D) 24V

**035.** A Proton and an alpha particle both are accelerated through the same potential difference. The ratio of corresponding de-Broglie wavelengths is

(A) 2 (B) $\sqrt{2}$

(C) $2\sqrt{2}$ (D) $\frac{1}{2\sqrt{2}}$

**032.** X किरणों, गामा किरणों तथा दृश्य प्रकाश तरंग किरणों की आवृतियाँ क्रमशः $a$, $b$ तथा $c$ हैं तब

(A) $a > b > c$ (B) $a > b,\ b < c$

(C) $a < b,\ b > c$ (D) $a < b,\ b < c$

**033.** एक सम उत्तल लेंस (उभयोंत्तल) की फोकस दूरी $f$ है। इसको चित्रानुसार तीन भागों में विभाजित किया जाता है तो काटे गए भाग I की फोकस लम्बाई क्या होगी?




(A) $\frac{f}{2}$ (B) $2f$

(C) $3f$ (D) $\frac{f}{3}$

**034.** खुले परिपथ में एक सेल की सिरों की वोल्टता 2V है तथा दिए गए सेल का आंतरिक प्रतिरोध 2Ω है । यदि 4A की धारा बिंदुओं P तथा Q के मध्य परिपथ में बह रही है बिन्दुओं P तथा Q के मध्य विभवान्तर है




(A) 30V (B) 26V

(C) 22V (D) 24V

**035.** एक प्रोटोन एवं एक अल्फा कण दोनों को समान विभवान्तर द्वारा त्वरित किया जाता है। उनकी संगत डी ब्रोग्ली तरंगदैर्ध्यों का अनुपात है

(A) 2 (B) $\sqrt{2}$

(C) $2\sqrt{2}$ (D) $\frac{1}{2\sqrt{2}}$

**036.** Two balls of mass m and 4m are connected by a rod of length L. The mass of the rod is small and can be treated as zero. The size of the balls can also can be neglected. We also assume the centre of the rod is hinged, but the rod can rotate about its centre in the vertical plane without friction. What is the gravity induced angular acceleration of the rod when the angle between the rod and the vertical line is θ as shown.




(A) $\frac{6g}{5L}\sin\theta$ (B) $\frac{g}{3L}\sin\theta$

(C) $\frac{5g}{6L}\sin\theta$ (D) $\frac{g}{6L}\cos\theta$

**037.** A projectile is projected with an initial velocity $(4\hat{i}+5\hat{j})m/s$. Here $\hat{j}$ is the unit vector directed vertically upwards and unit vector $\hat{i}$ is in the horizontal direction .Velocity of the projectile (in m/s) just before it hits the ground is

(A) $4\hat{i}+5\hat{j}$ (B) $-4\hat{i}+5\hat{j}$

(C) $4\hat{i}-5\hat{j}$ (D) $-4\hat{i}-5\hat{j}$

**038.** What is the approximate percentage error in the measurement of time period of a simple pendulum if maximum errors in the measurement of length $l$ and gravitational acceleration g are 3% and 7% respectively ?

(A) 2 % (B) 3 %

(C) 5 % (D) 10 %

**036.** दो गेंदे जिनका द्रव्यमान m तथा 4m हैं इनको L लम्बाई की छड़ द्वारा जोड़ा जाता है। छड़ का द्रव्यमान नगण्य है तथा गेंदों का आकार भी नगण्य है। हम यह भी मानते हैं कि छड़ का केन्द्र कीलकित किया जाता है परन्तु छड़ ऊर्ध्वाधर तल में बिना घर्षण के इसके केन्द्र के सापेक्ष घूर्णित हो सकती है। जब छड़ का ऊर्ध्वाधर रेखा के साथ चित्रानुसार कोण θ हो तो उस समय गुरुत्व जनित छड़ का कोणीय त्वरण क्या होगा?




(A) $\frac{6g}{5L}\sin\theta$ (B) $\frac{g}{3L}\sin\theta$

(C) $\frac{5g}{6L}\sin\theta$ (D) $\frac{g}{6L}\cos\theta$

**037.** एक प्रक्षेप्य को प्रारम्भिक वेग $(4\hat{i}+5\hat{j})$ $m/s$ के साथ प्रक्षेपित किया जाता है। यहाँ $\hat{j}$ इकाई सदिश ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर है तथा $\hat{i}$ इकाई सदिश क्षेतिज दिशा में है। प्रक्षेप्य की जमीन से टक्कर से ठीक पूर्व उसका वेग (मी./से.) होगा

(A) $4\hat{i}+5\hat{j}$ (B) $-4\hat{i}+5\hat{j}$

(C) $4\hat{i}-5\hat{j}$ (D) $-4\hat{i}-5\hat{j}$

**038.** एक सरल लोलक के आवर्तकाल के मापन में लगभग प्रतिशत त्रुटि कितनी होगी यदि लम्बाई $l$ तथा गुरुत्वीय त्वरण $g$ मापन में अधिकतम त्रुटि क्रमशः 3% तथा 7% है

(A) 2 % (B) 3 %

(C) 5 % (D) 10 %

**039.** A gas undergoes the cyclic process shown in figure .The cycle is repeated 100 times per minute. The power generated is




(A) 60W (B) 120W

(C) 240W (D) 100W

**040.** Three charges lie on the frictionless horizontal surface at the vertices of equilateral triangle as shown in figure. Two charges X and Y are fixed whereas third charge Z is released. Which path will charge Z take upon release ?




(A) Path – I (B) Path – II

(C) Path – III (D) Path – IV

**041.** There are two waves having wavelengths 100cm and 101cm and same velocity 303m/s. The beat frequency is

(A) 3Hz (B) 2Hz

(C) 4Hz (D) 1Hz

**039.** एक गैस एक चक्रीय प्रक्रम में चित्रानुसार अनुसरण करती है । इस चक्र की प्रति मिनट 100 बार पुनरावृत्ति की जाती है । उत्पन्न शक्ति होगी




(A) 60W (B) 120W

(C) 240W (D) 100W

**040.** तीन आवेश एक घर्षणरहित क्षैतिज सतह पर एक समबाहु त्रिभुज के शीर्षो पर चित्रानुसार हैं। इनमें से दो आवेश X तथा Y जड़वत (fixed) हैं तथा तीसरा आवेश Z मुक्त किया जाता है तो मुक्त करने के उपरांत आवेश Z द्वारा कौनसा पथ (path) अपनाया जाता है?




(A) पथ – I (B) पथ – II

(C) पथ – III (D) पथ – IV

**041.** दो तरंगें जिनकी तरंगदैर्ध्य 100cm तथा 101cm है तथा समान वेग 303m/s है। विस्पंद आवृति होगी

(A) 3Hz (B) 2Hz

(C) 4Hz (D) 1Hz

**042.** Two polaroids A and B are placed with their polaroid axes 30° to each other as shown in the figure. A plane polarized light passes through the polaroid A and after passing through it, intensity of light becomes $I_0$.What is the intensity of finally transmitted light after passing through the polaroid B ?




(A) $0.25I_0$ (B) $0.5I_0$
(C) $0.75I_0$ (D) $0.866I_0$

**043.** Laser light has following property
(A) laser light is white light
(B) laser light is highly coherent
(C) laser light always lies in X-rays region
(D) laser light does not have directionality property

**044.** A particle is moving in translatory motion. If momentum of the particle decreases by 10%, kinetic energy will decrease by
(A) 20% (B) 19%
(C) 10% (D) 5%

**045.** Which of the statement is incorrect about the simple microscope?
(A) Magnification of microscope is inversely proportional to the least distance of distinct vision.
(B) A convex lens of microscope with shorter focal length yields higher magnification.
(C) Biology students use to see the slides.
(D) It is not used for magnification of an object at far away from the observer.

**042.** दो पोलरोइड (ध्रुवक) A तथा B एक दूसरे से चित्रानुसार इस प्रकार रखी जाती है कि उनकी पोलरोइड अक्षों के मध्य कोण 30° है पोलरोइड A से गुजरने के पश्चात समतल ध्रुवित प्रकाश की तीव्रता $I_0$ हो जाती है पोलरोइड B से गुजरने के पश्चात अंतिम रूप से पारगमित प्रकाश की तीव्रता क्या होगी?




(A) $0.25I_0$ (B) $0.5I_0$
(C) $0.75I_0$ (D) $0.866I_0$

**043.** लेजर प्रकाश निम्न गुण रखता है
(A) लेजर प्रकाश श्वेत होता है
(B) लेजर प्रकाश अत्यधिक कलासम्बद्ध होता है
(C) लेजर प्रकाश हमेशा एक्स किरण क्षेत्र में होता है
(D) लेजर प्रकाश में दिशात्मक गुण नहीं होता है

**044.** एक कण स्थानान्तरण गति कर रहा है । यदि कण का संवेग 10% घटता है तो इसकी गतिज ऊर्जा घटेगी
(A) 20% (B) 19%
(C) 10% (D) 5%

**045.** साधारण(सरल) सूक्ष्मदर्शी के बारे में कौनसा कथन असत्य है ?
(A) सूक्ष्मदर्शी का आवर्धन विभेद्य (स्पष्ट) दृष्टि के न्यूनतम मान के व्युत्क्रमानुपाती होती है
(B) सूक्ष्मदर्शी के कम फोकस दूरी के उत्तल लेंस से अधिक आवर्धन प्राप्त होता है
(C) जीव विज्ञान के विद्यार्थी स्लाइड को देखने में काम में लेते हैं।
(D) प्रेक्षक से दूर स्थित वस्तु के आवर्धन के लिए यह उपयोग में नहीं आता है

**046.** Surface tension of the liquid is S. Work done in increasing the radius of soap bubble from $R$ to $3R$ at given temperature will be

(A) $8\pi SR^2$ (B) $16\pi SR^2$

(C) $64\pi SR^2$ (D) $\frac{18\pi SR^2}{3}$

**047.** Suppose you drive to Delhi (200 km away) at 400 km/hr and return at 200 km/hr. What is yours average speed for the entire trip?

(A) Zero
(B) 300 Km/hr
(C) Less than 300 Km/hr
(D) More than 300 Km/hr

**048.** A system undergoes a reversible adiabatic process. The entropy of the system

(A) increases
(B) decreases
(C) remains constant
(D) may increase or may decrease

**049.** For the combination of gates shown here, which of the following truth table part is not true




(A) $A=1,\ B=1,\ C=1$
(B) $A=1,\ B=0,\ C=1$
(C) $A=0,\ B=1,\ C=1$
(D) $A=0,\ B=0,\ C=0$

**050.** A narrow white light beam fails to converge at a point after going through a converging lens. This defect is known as

(A) polarization
(B) spherical aberration
(C) chromatic aberration
(D) diffraction

**046.** एक द्रव का पृष्ठ तनाव S है। किसी दिए गए ताप पर एक साबुन के बुलबुले को त्रिज्या $R$ से $3R$ करने में किया गया कार्य होगा

(A) $8\pi SR^2$ (B) $16\pi SR^2$

(C) $64\pi SR^2$ (D) $\frac{18\pi SR^2}{3}$

**047.** यह मानिए कि आपको 200 km दूर दिल्ली को 400 km/hr से जाना है तथा 200 km/hr से लौटना है। आपके इस दौरे की औसत चाल क्या होगी?

(A) शून्य
(B) 300 Km/hr
(C) 300 Km/hr से कम
(D) 300 Km/hr से अधिक

**048.** एक निकाय एक उत्क्रमणीय रुद्धोष्म प्रक्रम से गुजरता है । निकाय की एंट्रोपी (entropy)

(A) बढ़ेगी
(B) घटेगी
(C) अचर रहती है
(D) बढ़ या घट सकती है

**049.** नीचे दिए गए तर्क द्वारों के संयोजन के लिए निम्न सत्य सारणी का कौनसा भाग सत्य नहीं है




(A) $A=1,\ B=1,\ C=1$
(B) $A=1,\ B=0,\ C=1$
(C) $A=0,\ B=1,\ C=1$
(D) $A=0,\ B=0,\ C=0$

**050.** एक श्वेत प्रकाश संकीर्ण किरण एक अभिसारी लेंस से गुजरने के पश्चात एक ही बिंदु पर अभिसारित होने में असफल होती है यह दोष निम्न कहलाता है

(A) ध्रुवण
(B) गोलीय विपथन
(C) वर्णीय विपथन
(D) विवर्तन

**051.** The one electron species having ionization energy of 54.4 eVs

(A) $Be^{+2}$ (B) $Be^{+3}$
(C) $He^{+}$ (D) H

**052.** Which of the following set of quantum numbers represents the highest energy of an atom ?

(A) $n = 3, l = 0, m = 4, s = +\frac{1}{2}$
(B) $n = 3, l = 1, m = 1, s = +\frac{1}{2}$
(C) $n = 3, l = 2, m = 1, s = +\frac{1}{2}$
(D) $n = 4, l = 0, m = 0, s = -\frac{1}{2}$

**053.** In $OF_2$, oxygen has hybridization of

(A) sp (B) $sp^2$
(C) $sp^3$ (D) None of the options

**054.** Amongst $NO_3^-$, $AsO_3^{3-}$, $CO_3^{2-}$, $ClO_3^-$, $SO_3^{2-}$ and $BO_3^{3-}$ the non-planar species are

(A) $CO_3^{2-}$, $SO_3^{2-}$ and $BO_3^{3-}$
(B) $AsO_3^{3-}$, $CO_3^{2-}$ and $SO_3^{2-}$
(C) $NO_3^-$, $CO_3^{2-}$ and $BO_3^{3-}$
(D) $SO_3^{2-}$, $ClO_3^-$ and $BO_3^{3-}$

**055.** The Lewis acidity of $BF_3$ is less than $BCl_3$ even though fluorine is more electronegative than chlorine. It is due to

(A) stronger 2p(B)–2p (F) σ - bonding
(B) stronger 2p(B)–2p(F) π - bonding
(C) stronger 1p(B)–3p (Cl) σ - bonding
(D) stronger 2p(B)-3p(Cl) π - bonding

**056.** The IUPAC name of the compound is:




(A) 2-methyl-6-oxohex-3-enamide
(B) 6-keto-2-methyl hexamide
(C) 2-carbamoylhexanal
(D) 2-carbamoylhex-3-enal

**051.** एक इलेक्ट्रोन स्पीशीज जिसके आयनन ऊर्जा 54.4 इलेक्ट्रोन वोल्ट है –

(A) $Be^{+2}$ (B) $Be^{+3}$
(C) $He^{+}$ (D) H

**052.** निम्न में से कौनसे क्वांटम संख्याओ का समूह परमाणु की उच्चतम ऊर्जा को निरुपित करता है

(A) $n = 3, l = 0, m = 4, s = +\frac{1}{2}$
(B) $n = 3, l = 1, m = 1, s = +\frac{1}{2}$
(C) $n = 3, l = 2, m = 1, s = +\frac{1}{2}$
(D) $n = 4, l = 0, m = 0, s = -\frac{1}{2}$

**053.** $OF_2$ में ऑक्सीजन का संकरण है

(A) sp (B) $sp^2$
(C) $sp^3$ (D) इनमें से कोई विकल्प नहीं

**054.** $NO_3^-$, $AsO_3^{3-}$, $CO_3^{2-}$, $ClO_3^-$, $SO_3^{2-}$ और $BO_3^{3-}$ में से असमतल स्पीशीज है

